# साहित्य मंच कार्यक्रम में कवियों ने बांधा समां, श्रोता हुए मंत्रमुग्ध




साहित्य अकादमी में साहित्य मंच पर कविता पाठ करते कवि • सौजन्यः आयोजक

जागरण संवाददाता, नई दिल्लीः मंडी हाउस स्थित साहित्य अकादमी में साहित्य मंच कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें चार कवियों ने अपनी सशक्त कविताओं से श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम की शुरुआत स्वाति शर्मा ने अपनी कविता अक्षत, धुंध और रोटी से की। संतोष पटेल ने पद्मश्री नर्तक रामचंद्र माझी पर केंद्रित कविता प्रेम करना इतना आसान नहीं को श्रोताओं को प्रस्तुत किया। कल्लोल चक्रवर्ती ने महानंदा एक्सप्रेस कविताओं के जरिए समाज के वंचित वर्ग की स्थिति को रेखांकित किया और गीता पंडित ने सभ्यंता का मुखौटा और सच की हत्या जैसी कविताओं के माध्यम से मानवीय संबंधों में आती ठंडक को स्वर दिया।